an>

Title: Need to ensure appointment of adequate number of doctors in AIIMS, Bhopal and also provide adequate medical facilities to the patients at the Institute.

श्री आलोक संजर (भोपाल) ः भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में डॉक्टरों की भारी कमी है। उक्त कमी के कारण मरीजों को दिए जा रहे चिकित्सा-उपचार की गुणवत्ता पर इसका प्रभाव पड़ रहा है। विगत तीन वर्षों के दौरान अधिक संख्या में डॉक्टर एम्स, भोपाल को छोड़कर जा रहे हैं, इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में अतिशीघ्र सुधारात्मक कदम उठाए जाने का अनुरोध करता हूँ। मरीजों का समय पर उपचार सुनिश्चित करने और उन्हें बेहतर सुविधा देने हेतु डॉक्टरस के खाली पदों को शीघ्र भरने और अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने एवं नई फैकल्टी खोली जाए जिससे क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। भोपाल एम्स में विगत कई महीनों से डायरेक्टर का पद रिक्त है जिसे शीघ्र भरने की आवश्यकता है, जिससे अस्पताल की कार्यप्रणाली सुव्यवस्थित हो।